भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 621

22 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

सेंट्रल विस्टा परियोजना

621. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सेंट्रल विस्टा परियोजना का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है, जिसे चरणों में पूरा किया जाएगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय अभिलेखागार, राष्ट्रीय संग्रहालय जैसे विरासत भवनों को नए भवन के निर्माण के लिए रास्ता बनाने हेतु तोड़ा जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान राष्ट्रीय अभिलेखागार और राष्ट्रीय संग्रहालय में विद्वानों और शोधकर्ताओं के लिए सामग्री उपलब्ध होगी यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख) : जी हां। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के विकास/पुनर्विकास और नए संसद भवन के जारी निर्माण कार्यों को क्रमशः नवंबर 2021 और अक्टूबर 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

(ग) और (घ): सूचीबद्ध विरासत भवनों में से किसी भी भवन को सेंट्रल विस्टा विकास/पुनर्विकास मास्टर प्लान के तहत तोड़ा नहीं जाएगा। राष्ट्रीय अभिलेखागार और राष्ट्रीय संग्रहालय में निर्माण कार्यों के दौरान विद्वानों और शोधकर्ताओं के लिए सारी सामग्री उपलब्ध रहेगी।